भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1367

जिसका उत्तर 09.02.2023 को दिया जाना है

सर्विस रोड का निर्माण

1367. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का भारी वाहनों के आवागमन और बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेलगावी के निकट (कर्णाटक) राष्ट्रीय राजमार्ग-4ए के साथ-साथ डेसुर को जोड़ने वाले सर्विस रोड का निर्माण करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) जी हाँ। रारा-748 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-4ए) पर देसूर गांव 12.700 किमी से 14.720 किमी तक मौजूद है और राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड पहले ही बन चुकी है।

*****